भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *266

जिसका उत्तर 06.08.2026 को दिया जाना है

केरल में मौजूदा सड़कों का राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में उन्नयन

*266. श्री कोडिकुन्नील सुरेश:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान केरल राज्य सरकार से नए राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा करने और मौजूदा सड़कों का राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में उन्नयन करने के लिए प्राप्त प्रस्तावों का प्रस्ताव-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) स्वीकृत, विचाराधीन, स्पष्टीकरण के लिए लौटाए गए या अस्वीकृत किए गए प्रस्तावों के संबंध में प्रत्येक प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या मंत्रालय ने केरल में नए राष्ट्रीय राजमार्ग संबंधी प्रस्तावों के संबंध में राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट की जांच की है और यदि हां, तो इस संबंध में लिए गए निर्णयों का ब्यौरा क्या है;

(घ) नए राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा करने के लिए सरकार द्वारा क्या मानदंड अपनाए गए हैं और केरल राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव इन मानदंडों को कितना पूरा करते हैं; और

(ङ) राष्ट्रीय राजमार्ग के संबंध में केरल राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए लंबित प्रस्तावों पर अंतिम निर्णय लेने के लिए क्या समय-सीमा प्रस्तावित है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ङ) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"केरल में मौजूदा सड़कों का राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में उन्नयन" के संबंध में श्री कोडिकुन्नील सुरेश द्वारा पूछे गए दिनांक 06 अगस्त, 2026 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *266 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ङ) सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को समय-समय पर केरल राज्य सहित राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से राज्यीय सड़कों को नए राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित करने के लिए प्रस्ताव प्राप्त होते हैं।

राज्यीय सड़कों को समय-समय पर भली भांति स्थापित व्यापक सिद्धांतों के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के रूप में घोषित किया जाता है, जिसमें शामिल हैं: -

i. निकटवर्ती देशों, राष्ट्रीय राजधानी को राज्य की राजधानियों/एक राज्य की राजधानी को दूसरी राज्य की राजधानी, बंदरगाहों, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा विकास के लिए प्राथमिकता वाले प्रमुख बंदरगाहों, बड़े औद्योगिक केंद्रों या पर्यटन केंद्रों से जोड़ना।

ii. महत्वपूर्ण सामरिक अपेक्षाओं वाली सड़कें।

iii. धमनीय (आर्टियल) सड़कें जो यात्रा दूरी में काफी कमी लाती हैं और जिनसे पर्याप्त आर्थिक विकास प्राप्त होता है।

iv. सड़कें जो पिछड़े क्षेत्र और पहाड़ी क्षेत्र के बड़े भाग को पहुँच योग्य बनाने में मदद करती हैं।

v. पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के साथ तालमेल।

वर्तमान में केरल राज्य में एनएच नेटवर्क की लंबाई लगभग 1,858 किमी है। सरकार ने विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान केरल राज्य में 76 किलोमीटर की राज्यीय सड़कों/ग्रीनफील्ड खंडों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में अधिसूचित किया है। सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को विगत पांच वर्षों के दौरान केरल राज्य सरकार से राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषित करने के लिए 27 राज्य सड़कों की सूची प्राप्त हुई है। तथापि, वर्तमान में ये विचाराधीन नहीं हैं।

इसके अलावा, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा कार्यान्वयन के लिए 10 ग्रीनफील्ड परियोजनाएं हैं, जो उनकी मंजूरी पर राज्य में एनएच नेटवर्क का हिस्सा बनेंगी। ग्रीनफील्ड परियोजनाओं का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

अनुलग्नक

"केरल में मौजूदा सड़कों का राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में उन्नयन" के संबंध में श्री कोडिकुन्नील सुरेश द्वारा पूछे गए 06 अगस्त, 2026 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *266 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

क्र. सं.	**जिला**	**परियोजना का नाम**	**कार्य का प्रकार (चौड़ीकरण/बाईपास/फ्लाईओवर आदि)**
1	तिरुवनंतपुरम	तिरुवनंतपुरम ओआरआर	ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग
2	एर्नाकुलम	कोचीन आउटर रिंग रोड (अंगमाली - अरूर)	ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग
3	कोल्लम और तिरुवनंतपुरम	कोल्लम शेंकोट्टा ग्रीनफील्ड परियोजना एनएच 744	ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग
4	पलक्कड़, मलप्पुरम और कोझिकोड	पलक्कड़ - कोझिकोड ग्रीनफील्ड राजमार्ग	ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग
5	एर्नाकुलम	विलिंगडन द्वीप - अरूर	ग्रीनफील्ड राजमार्ग
6	कन्नूर	अझिक्कल पोर्ट से एनएच 66	बंदरगाह संपर्कता
7	एर्नाकुलम	कोथामंगलम और मुवाट्टुपुझा बाईपास	एकल (स्टैंडअलोन) बाईपास
8	कोल्लम	पुनालूर बाईपास	स्टैंडअलोन बाईपास
9	कोझिकोड	एनएच 66/एनएच 966 की कालीकट हवाई अड्डे से संपर्कता	हवाई अड्डा संपर्कता
10	कन्नूर	एनएच 66 की कन्नूर हवाई अड्डे से संपर्कता	हवाई अड्डा संपर्कता

*****